सार-समाचार

## छात्रों ने किया पुस्तकालयों का भ्रमण




**उदयपुर**, (कासं)। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, मोहनलाल सुखाडिया विवि में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय भ्रमण में दिल्ली के राष्ट्रीय संस्थानों के पुस्तकालयों का शैक्षणिक भ्रमण कर पुस्तकालयों और सूचना विज्ञान केन्द्रों द्वारा प्रदान की जा रही आधुनिक सेवाओं एवं कार्यो का अध्ययन किया। आईआईटी दिल्ली, नासडॉक, डॉ बीआर अंबेडकर पुस्तकालय जेएनयू, आई सी एस एस आर, राष्ट्रीय साहित्य कला, संगीत कला अकादमी, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण कर नई नई विधाओं और परंपरागत सूचना स्त्रोतों को सहेजने की तकनीकों का अध्ययन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के आयोजक व पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ पी एस राजपूत ने बताया कि स्नातकोत्तर के 69 छात्रों ने भाग लिया। यह भ्रमण नई दिल्ली स्थित प्रख्यात राष्ट्रीय संस्थानों, धरोहरों व पुस्तकालयों के गहन अध्ययन के लिए आयोजित किया गया। राष्ट्रीय धरोहरों में कुतुब मीनार, प्रधानमंत्री संग्रहालय, लाल किला व राजघाट के ऐतिहासिक ज्ञान के बारे में छात्रों ने जाना। छात्रों को पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्रों में होने वाले नए नए परिवर्तनों व शोध के नवाचारो को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण एक अच्छा माध्यम है जिसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मे भी प्रोत्साहित किया गया है । छात्रों को प्रत्यक्ष रूप से अपने विषय क्षेत्र की प्रगति एवं वैश्विक स्थिति का ज्ञान होता है । संस्थानों का भ्रमण कर छात्रों ने आधुनिक तकनीकी द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का अवलोकन किया साथ ही भविष्य मे सूचनाओं को सहेजने तथा सुरक्षित रखने हेतु नवीन संसाधनों की उपयोगिता का अध्ययन किया। भ्रमण में विभाग के अनुज यादव, महेंद्र पटेल, जितेन्द्र मेघवाल, श्रवण श्रीमाली, रविरंजय राज सिंह, नारायण सालवी, केमी वर्मा, भारती, कोमल साहू आदि शामिल हुए।

## दोशी हीरो 10 विकेट से जीता

**डूंगरपुर**, (निसं)। लक्ष्मण मैदान डूंगरपुर मे जैन नवयुवक मंडल के तत्वाधान मे जैन प्रीमियर लीग सीजन-13 के टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डी हीरो व इंफिनिटी डी बी के बीच खेला गया। इसमें डी हीरो ने 10 विकेट से फाइनल मुकाबला जीता। डी हीरो विजेता बनी है। इंफिनिटी डी बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपीएल के इतिहास का न्यूनतम लक्ष्य दिया। नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजेश डेंडू ने बताया कि के इंफिनिटी डी बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे दीक्षान्त जैन के 12 व बाकि कोई खिलाडी दहाई का आकडा भी पार नहीं कर सके पूरी टीम 30 रन के न्यूनतम लक्ष्य दिया , डी हीरो गेंदबाजी मे पखर डेंडू ने 4 ओवर मे 24 रन दे कर 4 विकेट, वैभव जैन ने 2 ओवर मे 1 रन देकर हेट्रिक व रोमिल दावड़ा 2 ओवर 2 विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी डी हीरो की टीम बिना किसी विकेट नुकसान लक्ष्य प्राप्त किया । डी हीरो की टीम ने 10 विकेट से मैच जीत लिया। डी हीरो टीम के वैभव जैन ने 15 में 22 रन बनाए। मैन ऑफ़ द मैच वैभव जैन, अर्पित डेंडू बेस्ट कप्तान, दीक्षात जैन मैन ऑफ़ द सीरीज़, अमोल जैन बेस्ट बेट्स मैन, नीरव कोटडिय़ा बेस्ट बॉलर रहे।इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि चेम्बर अध्यक्ष चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के.के. गुप्ता, अध्यक्षता जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राजेश डेंडू, विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति लाल जैन आरएएस, नवीन प्रकाश जैन जिला शिक्षा अभिकारी, मुख्य प्रायोजक सुरेंद्र दोशी एवं अन्य भामाशाह उपस्थित रहे।प्रारम्भ में भगवान महावीर की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वल्लन किया गया।

## खैर की लकड़ी बरामद

उदयपुर, (निसं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध रूप से एक ट्रक में 995० किलो खैर की लकडी परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार 20 दिसम्बर को रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक ट्रक में खैर की लकडियां भरकर अवैध रूप से परिवहन कर डाकन कोटडा से रीको कलडवास की ओर आ रही है। इस पर हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल रामजीलाल, नंदकिशोर, अशोक के साथ पाराखेत चौराहा पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता हुआ नजर आया और उसे रूकवाया तो चालक घबरा गया। पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम जुबेर पुत्र सूबे खान निवासी जलीखोरी रीगढ फिरोजपुर झिरखा मेवात हरियाणा व एक अन्य युवक ने अपना नाम ताहिर पुत्र ईशाक खान निवासी चंदा की ढाणी धिरयावास टपुकडा अलवर होना। ट्रक को चैक किया तो अंदर खैर की लकडी मिली। ट्रक से 9950 किलोग्राम खैर की लकडी बरामद हुई।

## शिक्षा मंत्री आज उदयपुर में

**उदयपुर**, (कासं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर सोमवार को एक दिवसीय उदयपुर के दौरे पर रहेंगे। मंत्री दिलावर प्रात: 7 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। सुबह 9.30 बजे रेजिडेंसी उच्च माध्यमिक विद्यालय, चेतक सर्किल, उदयपुर में छात्रों को स्वेटर जर्सी वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे रेजिडेंसी उच्च माध्यमिक विद्यालय, चेतक सर्कल उदयपुर में आयोजित आनंद उत्सव 2024 में भाग लेंगे।

# उदयपुर सरस डेयरी में किसान सहकार सम्मेलन सम्पन्न

**उदयपुर**, (कासं)। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ गोवर्धन परिसर में रविवार को विशाल किसान सहकार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथी पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचंद कटारिया रहे।

दुग्ध संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी, प्रबंध संचालक एवं संचाकल मंडल सदस्यों ने किसान सहकार सम्मेलन कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं उपरणा ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये संघ के अध्यक्ष डांगी ने संघ का गतिविधियों एवं प्रगअत का विवरण प्रस्तुत करते हुये संघ का संयंत्र काफी पुराना होने मददेनजरराज्यपाल पंजाब एवं गोपालन मंत्री से उदयपुर में 3 लाख लीटर दूध/प्रतिदिन की क्षमता का नया संयंत्र स्थापित कराने एवं उदयपुर में 150 टन प्रतिदिन की क्षमता का पशुआहार संयंत्र स्थापित कराने अनुरोध करते हुये विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचंद जी कटारिया, ने उदबोधन में पशुपालको की आर्थिक स्थति मजबूत करने पर जोर देते हुये दर अंतर राशि दुग्ध समितियों के बजाय सीधे दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने का सुझाव दिया ताकि इस तरह के बड़े कार्यक्रमों की जरूरत ही नही हो। साथ ही बाजार की प्रतिस्पों के मददेनजर दूध एवं दुग्ध उत्पादो की गुणवत्ता बनाये रखने पर भी जोर दिया।

पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने उदबोधन में दुग्ध उत्पादकों को दर अंतर दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये दुग्ध संघ, उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक के प्रयासों की सराहना की एवं भविष्य में दर अंतर राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे दुग्ध उत्पादकों के बैंक खाते मे भेजने का सुझाव दिया। उन्होनें कहा कि दुग्ध उत्पादकों को दूध पर दी जाने वाली अनुदान जारी रखी जावेगी, इससे दुग्ध उत्पादकों का आर्थिक स्तर सुदृढ़ होगा।




किसान सहकार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मंत्री ने सभी से अपना पूरा दूध दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति पर ही देने के लिये कहा, ताकि उनको सहकारी डेयरी से मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके। मंत्री ने अपने उदबोधन में राज्य सरकार द्वारा पशुपालको के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा, दुधारू पशु बीमा योजना, गौपालक कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पशु मोबाइल चिकित्सा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुये इनका लाभ उठाने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध में मिलावट करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर रही है। मंत्री ने उदयपुर डेयरी परिसर में स्थित पार्लर को सरस संकुल पार्लर, जयपुर की तर्ज पर विकसित करने पर जोर दिया। मंत्री ने आश्वत किया कि आगामी बजट मे उदयपुर में 3 लाख लीटर का नया संयंत्र एवं उदयपुर में 150 टन प्रतिदिन की क्षमता का पशुआहार संयंत्र स्थापित कराने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

जनजाति विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराडी ने आज के समय में ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय को रोजगार एवं आजीविका का सशक्त माध्यम बताया एवं ज्यादा से ज्यादा किसानो एवं पशुपालकों से सहकारी डेयरी से जुड़कर आमदनी बढाने का आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने राज्य सरकार द्वारा पशुपालको को दूध पर अनुदान दिये जाने एवं किसान फसल बीमा योजना की राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया एवं किसानों की स्थिति सुधारने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, सुलम्बर विधायक शांता देवी मीणा, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, जिला पयर्टन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सामर, सुमिधा संस्थान के अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, गिर्वा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान तख्त सिंह शक्तावत, समाजसेवी भंवरसिंह जी पंवार, संघ के सभी निर्वाचित सदस्य, संचालक मंडल सदस्य, आरसीडीएफ प्रतिनिधी ललित वर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, हरीश सिवासिया, सहकारी विभाग एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक उपस्थित थे। उदयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने किसान सहकार सम्मेलन कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# झील प्रेमियों ने पिछोला झील रिंग रोड का किया निरीक्षण



झील संरक्षण कार्यकर्ताओं ने पिछोला झील रिंग रोड का निरीक्षण किया।

**उदयपुर**, (कासं)। झील संरक्षण कार्यकर्ताओं ने रविवार को पिछोला झील रिंग रोड का निरीक्षण किया।

झील संरक्षण समिति से जुडे डॉ अनिल मेहता ने कहा कि भूव्यवसाईयों के हित में पेटे की भूमि झील से बाहर निकाल देने के उद्देश्य से बनाई गई रिंग रोड ने झील को छोटा कर गंभीर पारिस्थितिक क्षति पहुंचाई। नियमों के विपरीत बनाई यह रोड अब कचरा व सीवरेज विसर्जन से का केंद्र बन गई है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि एकलव्य कॉलोनी क्षेत्र में रिंग रोड के नीचे से दो सिवरेज नाले झील में छोड रखे है। इनसे निरंतर मल मूत्र व गंदा पानी झील में जा रहा है। यह जनस्वास्थ्य के साथ जानबूझकर किया जाने वाला खिलवाड है। गांधी मानव कल्याण समिति के निदेशक नंद किशोर शर्मा ने कहा कि केवल गंदा पानी ही नहीं वरन रिंग रोड झील से झील में भारी मात्रा में कचरा भी पहुंच जाता है। मृत पशुओं का विसर्जन किया जा रहा है। पूरा क्षेत्र बदबू से भरा रहता है।युवा पर्यावरण प्रेमी कुशल रावल ने कहा कि रिंग रोड पर होटलो की अत्तू चीजों को विसर्जित किया हुआ है। निर्माण मलबा भी फेंका जा रहा है। रिंग रोड बनने से झील पेटा रहा यह क्षेत्र अब प्लास्टिक , पॉलीथिन से अटा पडा है।झील कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि तुरंत सुध लेते इस विपदापूर्ण स्थिति में सुधार लाए।

## सुशीला ने जीता सचिन तेंदुलकर का दिल

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान के प्रतापगढ जिले के आदिवासी बाहुल्य धरियावद कस्बे की एक बालिका का वीडियों इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में 12 साल की यह बालिका भारत के स्टार तेज गेंदबाज रहे जहीर खान जैसी गेंदबाजी करती नजर आ रही है। इस वायरल वीडियो पर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सचिन ने जहीर को टैग करते हुए इस बच्ची का वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया। जिस पर जहीर खान ने भी अपना रिएक्शन दिया। अब इस बच्ची के भविष्य के लिए राजस्थान के कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने खेल मंत्री राज्यवर्धन . सिंह राठौड से ट्रेनिंग दिलवाने की मांग की है। वायरल वीडियो में दिख रही बच्ची राजस्थान के प्रतापगढ जिले के धरियावद तहसील के रामेर तालाब की रहने वाली सुशीला मीणा है। सुशीला मात्र 12 साल की है। सुशीला का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इसके बाद. भी सुशीला में क्रिकेट की गजब की प्रतिभा है। सुशीला तेज गेंदबाजी करती है। सुशीला का एक्शन जहीर खान जैसा है। सुशीला के पिता का नाम रतनलाल मीणा जबकि मां का नाम शांति बाई मीणा है सुशीला के माता पिता मंजदूरी और खेती कर अपना गुजारा करती।

सार-समाचार

## श्री सांवलिया सेठ के किए दर्शन

**मंडफिया**, (निसं)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भगवान श्री सांवलिया सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार सुबह भगवान श्री सांवलियाजी सेठ के दर्शन करने मंडफिया पहुंचे। दर्शन के दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शेखावत के स्वागत में आए चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने भी सांवलिया सेठ के दर्शन किए। मंदिर मंडल की ओर से केंद्रीय मंत्री शेखावत का अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम, भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भैरुगिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरीलाल गाडरी आदि ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री सांवलियाजी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारीदास वैष्णव, सांवलियाजी मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल गाडरी भूतखेड़ा, भैरूलाल सोनी मंडफिया, मंडफिया जीएसएस सदस्य भगवान लाल तिवारी, घनश्याम सिंह गुड्डा, रमेशचंद्र वैष्णव, सचिन वैष्णव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया।

## पक्षी दाना अभियान का आगाज

**उदयपुर**, (कासं)। राज्य के पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान केबिनेट मंत्री ज़ोराराम कुमावत ने रविवार को उदयपुर एनिमल फीड (हैप्पी एंड चॉइस वेलफ़ेयर सोसायटी) संस्था द्वारा आयोजित गौ स्नेह पात्र एवं पक्षी दाना अभियान का शुभारंभ किया। उदयपुर एनिमल फीड की संस्थापक डिंपल भावसार ने बताया कि 100 फीट रोड स्थित अशोका पैलेस में आयोजित कार्यक्रम 101 गौ स्नेह पात्र एवं पक्षी दाना अभियान का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, प्रताप सिंह जसोद व सुधीर कुमावत रहे। संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. शरद अरोड़ा, उप निदेशक शक्ति सिंह व पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। संस्थापक रवि भावसार ने बताया कि गौ स्नेह पात्र उदयपुर एनिमल फीड की अनूठी पहल है। हर रोज हजारों गौ माता कचरे में खाना ढूंढने को मजबूर होती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवन संकट में पड़ जाता है। उदयपुर एनिमल फीड संस्था ने इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए 'गौ स्नेह पात्र' पहल शुरू की है। यह पहल न केवल गौ माता की भूख मिटाने का प्रयास है, बल्कि उनके प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रेम को दर्शाती है।

## 'इको टूरिज्म की अपार संभावना'

**बांसवाड़ा-उदयपुर**, (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला ने कहा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिला प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध है और यहां पर इको टूरिज्म के विकास की अपार संभावनाएं है। पैडल टू जंगल जैसे आयोजन बागड़ मेवाड़ अंचल के पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र के अन्य पर्यटन स्थलों पर भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से इको टूरिज्म को बढ़ाया जाए। आईजी परिमला रविवार को श्यामपुरा जंगल में ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर की ओर से आयोजित पैडल टू जंगल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने चाचाकोटा व श्यामपुरा सहित नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के संरक्षण का आ ान किया और इसके माध्यम से पर्यटन के विकास की मंशाओं को सार्थक करने की बात कही । ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष व सेवानिवृत सीसीएफ राहुल भटनागर ने तीन दिवसीय पैडल टू जंगल के तहत आयोजित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और अतिथियों को अब तक हुए आयोजनों में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में बताया । सेवानिवृत आईएएस व पर्यटन विभाग के पूर्व निदेशक विक्रम सिंह चौहान ने वागड़ आंचल के प्रमुख पर्यटन स्थलों अरथुना, देव सोमनाथ आदि के बारे में जानकारी देते हुए इनकी पर्यटन क्षेत्र विकास की दृष्टि से उपयोग किए जाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व राज परिवार सदस्य जगमाल सिंह और उपवन संरक्षक अभिषेक शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए बागड़ आंचल की नैसर्गिक समृद्धि और इसके माध्यम से पर्यटन विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

## शिविर में 310 यूनिट रक्तदान

**उदयपुर**, (कासं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्व.श्रीमती शीला भण्डारी की ग्यारहवीं पुण्यतिथी की स्मृति पर 11वाँ रक्तदान शिविर में 310 यूनिट रक्तदान हुआ।ट्रस्ट के संरक्षक गणपत भंडारी ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। भूपेन्द्र भण्डारी ने बताया की हर वर्ष माताजी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर करके जनता को रक्तदान के लिए जागरूक करते एवं जिसके भी जरूरत होती उसे रक्त उपलब्ध करवाते है।आर.एन.टी. ब्लड बैंक में 153 यूनिटए सरल ब्लड बैंक में 157 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया,पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चित्तौडगढ लोकसभा सांसद सी पी जोशी,सहकारिता मंत्री गौतम दक, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा,भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली,देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, जिलाप्रभारी बंसीलाल खटीक, जिला महामंत्री किरण जैन, भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल से आसोलिया की वार्ता

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर दौरे पर आए राजस्थान के राज्यपाल हरी भाऊ किशन राव बागडे सर्किट हाउस उदयपुर में पहुंचे। इस दौरान एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह आसोलिया सर्किट हाउस में राजस्थान के राज्यपाल हरी भाऊ बागडे से उदयपुर विकास प्राधिकरण एवं कृषि विवि बोरखेडा रोड कोटा के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं उन्हें अवगत कराया इनकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया उन्होंने किस प्रकार विज्ञापनों की राशि को लंबित लाखों रुपए बकाया लंबित रख रखे हैं।

# उदयपुर में एल्युमिनाई मीट का आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। आलोक विद्यालय फतेहपुरा के पूर्व छात्र परिषद की ओर से बीते पल की यादें भाग 3 कार्यक्रम ओकेशन गार्डन के दरबार हॉल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक के के कुमावत ने बताया कि समारोह का शुभांरभ मुख्य अतिथि नारायण लाल शर्मा, निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत, योगेश कुमावत , प्रशासक निश्चय कुमावत पंकज जैन, जितेश कुमावत ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

■ देश विदेश के 800 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों ने की शिरकत

समारोह में सत्र 1984 से लेकर 2010 बेच के उदयपुर सहित दिल्ली, मुंबई, चेन्नई ,कोलकाता सूरत, बड़ौदा, अहमदाबाद एवं विदेशों में कार्यरत सऊदी अरब, कैलिफोर्निया, कुवैत, यू एस ए में कार्यरत करीब 800 छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम के सहसंयोजक जितेश कुमावत और वीरेंद्र सिंह विषवत ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व छात्र परिषद के फतेहपुरा के बच्चों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

आयोजन समिति के पंकज जैन ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम में आलोक विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य नारायण लाल शर्मा का महा अभिनंदन व निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत का नागरिक अभिनंदन किया गया।



आलोक विद्यालय फतेहपुरा के पूर्व छात्र परिषद की ओर से बीते पल की यादें भाग 3 कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण लाल शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी सबसे बड़ी पूंजी ओर धरोहर मेरे यह सभी शिष्य हैं जिन्होंने जीवन में अपने संस्कारों और कार्यों के माध्यम से आलोक सहित उदयपुर शहर का पूरे देश में नाम रोशन किया है अपने कार्यों के माध्यम से देश में सफलता का परचम लहराया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत ने सभी छात्र छात्राओं को भव्य आयोजन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज सेवा एवं देश सेवा में सदैव तत्पर रहने का उनसे आव्हान किया है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र एवं अध्यापक नगर निगम के पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमार ने छात्रों द्वारा किए गए गुरु सम्मान को आलोक विद्यालय में अपने सपनों की उड़ान प्रारंभ करते हुए आलोक ने आपके चरित्र ,व्यक्तित्व के साथ आपकी आत्मा की शुद्धता को निखारा है।

समाज को आप जैसे हर कार्यों में दक्ष हीरे देने के लिए आलोक संस्थान का बहुत-बहुत साधुवाद और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में आलोक फतेहपुरा के प्रशासक निश्चय कुमावत द्वारा पूर्व छात्र छात्राओं का अभूतपूर्व स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही आलोक स्कूल घोष के साथ गुरुवर नारायण शर्मा प्रदीप कुमावत एवं युधिष्ठिर कुमावत को दरबार हॉल के अंदर मंच पर ले जाया गया।

जहां आलोक फतेह पूरा के तब से अब तक की फिल्म विशाल एलईडी स्क्रीन पर चलाई गई ।कार्यक्रम में पूर्व छात्र परिषद के कई छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के विशेष सहयोगी योगेश कुमावत ने पूर्व छात्र परिषद के उद्देश्य ओर परिषद द्वारा सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा के कार्य को शुरू करने की आगामी योजना की जानकारी प्रदान की।

## विद्यापीठ टीम ने किया क्वालीफाई

उदयपुर, 22 दिसम्बर। प्रताप यूनिवर्सिटी जयपुर की मेजबानी में आयोजित हो रही नॉर्थ वेस्ट जोन इण्टर यूनिवर्सिटी फुटबॉल प्रतियोगिता जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इण्टर जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यापीठ एवं कोटा विवि के बीच गोल्ड मेडल के लिए मुकाबला होगा। आज खेले गए लीग मैचों में विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने शानदार खेल दिखाते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया, वहीं एम डी यू युनिवर्सिटी रोहतक को 1-0 से मात दी।

इस अद्वितीय उपलब्धि पर कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने टीम के खिलाड़ियों एवं प्रबंधक को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि संस्थान ने शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी अठाणी भूमिका निभाई है। पिछले दिनों हुए ऑल इंडिया महिला हैण्डबॉल प्रतियोगिता में विद्यापीठ टीम को गोल्ड मेडल मिला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल विश्वविद्यालय का बल्कि अपने देश का नाम रोशन किया है।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने आगे कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि आगामी गोल्ड मेडल मैच में भी टीम अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेगी और विजयी होगी।

# 'गांव में गंदगी, तालाब गंदा होने पर फोटो खींचकर भेजे'



बैठक को चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के के गुप्ता से संबोधित किया।

**डूंगरपुर**, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक और संभाग के सबसे बडे व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के के गुप्ता द्वारा शनिवार शाम को अपने निज आवास पर जिले के ग्रामीण क्षेत्र से जुडे हुए व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि हमारे जनजाति अंचल डूंगरपुर जिले की स्वच्छता को बनाए रखना जनता की पूरी भागीदारी के साथ ही संभव है और इसके साथ ही व्यापारियों को भी अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अपने गांव क्षेत्र में जहां कहीं पर भी साफ सफाई का अभाव दिखे, गंदगी दिखे, गांव में बने हुए तालाब में गंदगी रहे जिससे जल प्रदूषित हो रहा हो ऐसी स्थिति से मुझे अवगत कारण और फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर प्रेषित करें।

गुप्ता ने कहा कि व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हजारों की संख्या में व्यापारी जुडे हुए हैं। चेंबर द्वारा व्यापारियों के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाता है यह केवल शुल्क के रूप में धनराशि प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि जिले का प्रत्येक व्यापारी संगठित हो सके, जोकि व्यापारी के लिए ही हितकारी होता है, यह प्रथम उद्देश्य चेंबर ऑफ कॉमर्स संगठन का है। व्यापारियों को भी अपने गांव और ब्लॉक स्तर तक संगठित रहते हुए चेंबर को अपना नैतिक समर्थन देना चाहिए।बैठक में उपस्थित व्यापारियों द्वारा उन्हें मनी लेंडिंग लाइसेंस लेने के लिए संबंधित विभाग से आ रही समस्याओं के बारे में चेंबर अध्यक्ष गुप्ता को अवगत कराया गया इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अध्यक्ष गुप्ता द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ बातचीत की गई और आगामी 2 दिन में लाइसेंस जारी किए जाने का आश्वासन दिया । चेंबर अध्यक्ष गुप्ता ने व्यापारियों से आव्हान किया कि अपने व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए हमें राजनीति क्षेत्र में भी जुडना होगा। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि विभिन्न राजनीतिक दल व्यापारी से वोट प्राप्त करते हैं उसके पश्चात व्यापारी के हित से जुडे हुए कार्यों को करने में रुचि नहीं दिखाते हैं। व्यापारी चुनाव में चंदा राशि देता है लेकिन वह सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गया है।

### सार-समाचार

## शैक्षिक किशोरी बाल मेला सम्पन्न

**भीम,** (निसं)। उपखाड के नन्दावट में कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में सन 2024-25 शैक्षिक किशोरी बाल मेला शनिवार को आयोजित हुआ। मेले के उद्घाटन में मुख्य अतिथि भीम विधायक हरिसिंह रावत ने फीता कार कर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरि सिंह रावत ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के भवन के निर्माण के लिए साढे चार करोड़ की राशि स्वीकृति करने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समठा शिक्षा राजसमंद के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक घनश्याम लाल गौड़ एवं बालिका शिक्षा प्रभारी राकेश गोस्वामी आदि ने विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम की विशिष्ट स्थिति टोगी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भंवरसिंह एवं केजीबीवी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संजू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर केजीबीवी के समस्त स्टाफ, इन्द्रा चौधरी रुचिका जैन, निर्मला मिश्रा , प्रवीण कुमार भीम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी. अमरसिह भीम प्रधान वीरमसिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, नारायण सिंह सहित कई अभिभावक उपस्थित थे। मेले में हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अंग्रेजी को कुल चालीस स्टॉल लगाई गयी। राज्य स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक मोहनतान व मधु पालीवाल के निर्देशन में बालिकाओं ने अपनी स्टॉलें तैयार की।कार्यक्रम का संचालन श्री अजमाल सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**देवगढ़,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं राघवेंद्र काछवाल, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद के निर्देशानुसार रविवार को न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। बैंच के अध्यक्ष पूनम मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सदस्य अर्चना उपखंड अधिकारी रहे । लोक अदालत बैंच के समक्ष कुल 615 प्रकरण सुनवाई हेतु नियत किए गए। जिनमें से प्रि-लिटिगेशन के 56, दांडिक शमनीय प्रकृति के 110, एनआई एक्ट प्रकृति के 6, भरण पोषण अधिनियम के 10, दीवानी प्रकृति के 02 सहित कुल 184 प्रकरण आपसी सहमति से निस्तारित किए गए व 18,21,318 राशि की वसूली की गई।5 वर्ष से अधिक लंबित अवधि के कुल 09 प्रकरण निस्तारित किए गए। इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आबकारी अधिनियम सहित कुल प्रकरण प्रत्याहरित किए गए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन सचिव जगदीश मेवाड़ा, अभियोजन अधिकारी सुरेंद्र सिंह कुंपावत, अधिवक्ता गोविंद कंसारा, बीएसएनएल व अजमेर विद्युत वितरण निगम लि0 के अभियंता सहित अन्य कार्मिक एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवड़ा थाना क्षेत्र के चितरेटी घाटी पर शनिवार रात 2 बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोवड़ा पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया।दोवड़ा थाना पुलिस ने मृतक युवक पहचान खेड़ा कच्छवासा नवाघरा निवासी सुनील अहारी (21) के रूप में की गई है। जगजी पुत्र नाथू अहारी निवासी खेड़ा कच्छवासा फला नवाघरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि उसका भतीजा सुनील अहारी शनिवार रात के समय बाइक लेकर पुनाली से अपने घर आ रहा था। दोवड़ा थाना क्षेत्र के चितरेटी घाटी के पास तेज रफ्तार आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह नीचे गिर पड़ा और हाथ, पैर और शरीर के अन्य जगह गंभीर चोट आई। 108 एम्बुलेंस के पायलट शैलेश और ईएमटी मनीष रोत मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोवड़ा पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। रविवार को परिजनों की रिपोर्ट पर बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## देवगढ़ में हुई गौ ध्वज की स्थापना

**देवगढ़,** (निसं)।श्री गुरु सौभाग्य मदन गौशाला देवगढ़ में गौमाता राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए रविवार को गौ ध्वज की स्थापना की गई। जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की और सभी सनातन धर्म के धर्म ध्वज रक्षक व जगतगुरुओ के सुभाशीष से देश भर में चलाये जा रहे गौमाता राष्ट्रमाता अभियान के तहत गौध्वज की स्थापना आज साधु संतों के सानिध्य में गौध्वज की स्थापना की गयी। इस दौरान आडावाला आश्रम से महंत हरीदास ने गौमाता के हित मे प्रवचन कर शुभारम्भ किया, संत रामेश्वर दास देवगढ़ राजाजी मन्दिर ने गौभक्तो को गौहत्या करने वालो को रोकथाम के उपाय बताया एवं राजसमंद जिले के गौ सांसद दरबार सिंह राव एवं जिले के गौ विधायक शेर सिंह लसानी , राजस्थान गौ सेवा समिति के जिलाध्यक्ष जेठू सिंह राजपुरोहित, गौ तहसील अध्यक्ष राजेंद्र वैष्णव,गौ प्रधान निर्भय नाथ योगी जोगेला, गौ उपप्रधान पोखर लाल लसानी, गौ चेयरमैन लक्ष्मण सिंह बिलाखी, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारि देवगढ़ तहसील के समस्त गौ सरपंच, एवं गौ प्रवक्ता ओर गौ रक्षक उपस्थिति रहे।

## गृहमंत्री शाह के खिलाफ पैदल मार्च 24 को

**डूंगरपुर,** (निसं)। प्रदेश कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के ऊपर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अपमान जनक बयान बाजी के खिलाफ ओर संसद भवन में हुए प्रदर्शन के दौरान लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी पर लगाई गई धाराओं के खिलाफ कांठोस पार्टी का पैदल मार्च व प्रेस वार्ता 24 मार्च को होगा। जिला अध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार ने बताया कि पैदल मार्च मंगलवार सुबह 11 बजे जिला कांठोस कमेटी कार्यालय से कलेक्ट्री गेट में स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

# भूषा और भाषा संस्कृति का आधार : मेडता पीठाधीश्वर

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा पखवाडे के तहत विद्या निकेतन उप्रावि राज मंदिर एवं बडा रामद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में मातृभाषा संवर्धन पर केंद्रित विचार गोष्ठी हुई। गोष्ठी में मेडता पीठाधीश्वर राम किशोर महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। अध्यक्षता बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज ने की जबकि मुख्य अतिथि अमृत सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार भूपेंद्र उपाध्याय तनिक रहे।

मेडता पीठाधीश्वर ने मातृभाषा को संस्कृति का आधार स्तंभ बताते हुए

■ बडा रामद्वारा में हुई मातृभाषा विषयक विचार गोष्ठी



विद्या निकेतन उप्रावि राज मंदिर एवं बडा रामद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में मातृभाषा संवर्धन पर केंद्रित विचार गोष्ठी को संबोधित करते मेडता पीठाधीश्वर राम किशोर महाराज।

महापुरुषों द्वारा मातृभाषा के विषय में कहे गए वक्तव्यों के माध्यम से मातृभाषा का महत्व बताया।

उन्होंने बताया कि महान भक्त कवि दरियावजी महाराज, सुरदास, रसखान, रहीम, कबीर आदि द्वारा मातृभाषा में साहित्य रचना के माध्यम से समाज को जोडकर देश की सेवा की। उन्होंने भूषा और भाषा को संस्कृति का आधार बताया। वरिष्ठ साहित्यकार भूपेंद्र उपाध्याय तनिक ने मातृभाषा को स्नेह संबंधों की भाषा बताते हुए नवीन शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक शिक्षा तक स्थानीय भाषा में पढाई के निर्णय को सरकार का श्रेष्ठ कदम बताया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि अंग्रेजीयत के छद्म आभामंडल से बाहर आकर सभी मातृभाषा से राष्ट्र प्रेम का जागरण करें। बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज ने बडा रामद्वारा को धार्मिक कार्यक्रम एवं सत्संग के साथ-साथ राष्ट्र जागरण के आयोजनों का भी केंद्र बताया।

अतिथियों ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. सिद्धेश शर्मा ने दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनंत कुमार जोशी, समाजसेवी जय गिरीराज सिंह चौहान, विद्या निकेतन राज मंदिर उप्रावि की प्रधानाध्यापिका नीता भावसार ने अतिथियों का उपरणा ओढाकर सत्कार करते हुए मातृभाषा विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए।

# सोम कमला आंबा बांध के पानी को सागवाड़ा ले जाने का विरोध

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर उपखंड क्षेत्र के सर्व समाज एवं काश्तकारों ने रविवार को एसडीएम को ज्ञापन सौप कर सोम कमला बांध के पानी को सागवाड़ा भीखा भाई नगर में डाल कर सागवाड़ा में दिए जाने का विरोध प्रदर्शन किया वहीं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर परियोजना को निरस्त करने की मांग की है। आसपुर एसडीएम योगेंद्र वैष्णव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर बताया की मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 मेंआसपुर के सोम कमला आंबा बांध से सिंचाई का पानी भीखा भाई नहर सागवाड़ा को उपलब्ध करा कर सागवाड़ा एवं चोरासी विधानसभा क्षेत्र को सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव लिया जाना प्रस्तावित है। बताया की सोम कमला आंबा बांध आसपुर विधानसभा क्षेत्र की जीवनरेखा है। एव सोम कमला आंबा बांध के निर्माण के लिए आसपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गाँवो की भूमि अवाप्त की गई थी। वर्तमान में सोम कमला आंबा बांध से विधानसभा क्षेत्र आसपुर सागवाडा, डूंगरपुर एवं सलुम्बर के सैकडो गांवो को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा रहा है ।

## आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग आज

**राजसमंद,** (निसं)। आर्ट ऑफ लिविंग राजसमंद की ओर से सोमवार को शहर के जीवन दर्शन आश्रम 100 फीट रोड पर शाम 6:30 बजे से सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

संस्था के राहुल सनाढ्य ने बताया कि बहु प्रतीक्षित दिव्य सत्संग में आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं सुमेरु संध्या गायक प्रवीण मेहता अपनी सुमधुर वाणी में भजनों की स्वर लहरियां प्रस्तुत करेंगे।

## भोईवाड़ा नाले का शुभारंभ

**डूंगरपुर,** (निसं)।पुराने शहर में भोई वाड़ा में सभापति अमृत कलासुआ ने नाले का शुभारंभ किया। पुराना शहर का पानी निकासी का भार भोईवाड़ा नाला पर है भोईवाड़ामुख्य नाला नाईवाड़ा, सादवाड़ा, लालपुरा से आता है। यह नाला भोईवाड़ा तक ही पक्का बना हुआ है। आगे भोइयों की बाड़ी में खुलता है। पक्के नाले में तो सफाई हो जाती है, लेकिन जहां कच्चा भाग है, वहां मलबा जमा हो जाने के कारण लोगों लो परेशानियां होती थी और इससे पानी आगे नहीं बढ़ता और पानी वही इक्क-ा होता था बारिश में पुराने शहर में पानी एक-ा होने की वज़ह से बहुत ही समस्याओ का सामना करना पढ़ रहा था सभापति ने कहा की जल्द ही नाला बनाकर सौगात दी जाएगी वही पार्षद जीतेन्द्र भोई, डायालाल पाटीदार,मोहन लाल यादव,राजेश रोत,नरेश यादव एवं भोई समाज से समाज जन मौजूद रहें। इसी क्रम में स्वच्छ्ता कमेटी की टीम ने कहा कि खाली पड़े भूखंड अपितु शहर की स्वच्छता को ख़राब कर रहे है शहरी स्वच्छता को देखते हुए भूखंड मालिक ने सफाई नहीं करवाई है उन भूखंडो पर नगर द्वारा बोर्ड लगा दिया जाएगा, अधिनियम के तहत भूखंड मालिकों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आया एमएमबी ग्रुप

**डूंगरपुर,** (निसं)। कौमी एकता के प्रतिक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा कि याद में आज एम एम बी ग्रुप डूंगरपुर कि और से ग्रुप के ऑफिस ऐ के मोटर गैराज डुंगरपुर में सभी समुदाय के 15 जरूरतमंद परिवारों को एक माह का निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम सदर थाना अधिकारी हरेंद्र सौदा, सुरेश कुमार वर्मा थाना प्रभारी रेलवे स्टेशन डूंगरपुर, समाज सेवी जोयब पटेल, मुसताली दादू, संजय शर्मा, संदीप सेठीया, इमरान मुल्तानी व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य में वितरित किया गया

कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप सदर मकरानी ने सभी अतिथियों का माला पहना एवं मोमेंटो भेंटकर इस्तकबाल किया ग्रुपा द्वारा अब तक किये गए जनहित के कार्यों की जानकारी दी। ग्रुप सदर मकरानी ने बताया कि ग्रुप मस्तान बाबा कि याद में सन् 2007 से पीड़ित मानवता की सेवा में लगा हुआ है वह भामाशाहों का सहयोग लेकर अब तक ग्रुप की ओर से करीब 20000 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त में




जरूरतमंदों को राशन देते ग्रुप पदाधिकारी व भामाशाह।

राशन सामठी वितरित की जा चुकी है इसके अलावा ग्रुप की ओर से रक्तदान शिविर, कपड़े की थैलियां का निशुल्क वितरण, पक्षियों के लिए परिंडे बांधना, वृक्षारोपण एवं सडक़ सुरक्षा के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

थाना प्रभारी हरेंद्र सोदा ने ग्रुप के जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रुप मस्तान बाबा कि याद में हमेशा बिना जातिगत भेदभाव के सभी समुदाय के जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान कर कौमी एकता को बढ़ावा देने का काम करता है। इन्ही कार्यों की वजह से ग्रुप पूरे संभाग एक मिसाल है, सुरेश वर्मा ने कहा कि ग्रुप लगातार पीड़ित मानवता की सेवा लगा हुआ है जो काफी सराहनीय है।

### सार-समाचार

## धार्मिक अनुष्ठान आज से

**बांसवाड़ा,** (निसं)। कॉलेज मैदान में आगामी 23 दिसम्बर से 2 जनवरी तक आयोजित होने वाले ग्यारह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अन्तर्गत 11 लाख हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम कथा 5108 हवनात्मक सुन्दरकाण्ड महापारायण एवं श्रीराम नाम परिक्रमा के आयोजन को लेकर तैयारियां जारी है। अनुष्ठान को लेकर मानस भवन में मानस मण्डल के सक्रिय सदस्य, मानस महिला मण्डल, रामकृष्ण सत्संग मण्डल, एवं नगर के विभिन्न सत्संग मण्डलों एवं निरूस्वार्थ रूप से सेवा देने वाले धर्मार्थियों ने 2300 महिला साधकाओं और 700 पुरूषों साधकों को 23 दिसम्बर को प्रातरू 7 बजे से गायत्री गार्डन में वितरित किये जाने वाली वर्णी के पैकेट तैयार किये। मानस मण्डल के अध्यक्ष महेश पंचाल ने बताया कि श्रीराम कथा महायज्ञ की कथाकार अनुष्का पाठक का वाग्वर धरा पर कथा के निमित्त पदार्पण मंगलवार को होगा। संयोजक अमृतलाल पंचाल ने बताया कि समारोह स्थल कॉलेज मैदान में 11 लाख हनुमान चालीसा एवं श्रीराम कथा के लिए 40बाय 60 की व्यासपीठ, 180 बाय 250 साधना पाण्डाल, दो भोजनशाला के पाण्डाल, यजमानों, संतो एवं भण्डार कक्षों के लिए पृथक पाण्डाल की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ श्री रामनाम परिक्रमा के लिए भी परिक्रमा लगाते हुए गणेश सहित शिवलिंग स्थापना समारोह स्थल पर रामनाम व शिव पंचाक्षर लेखन की प्रतियों को स्थापित करने की व्यवस्था भी की गई है। प्रवक्ता हितेश वैष्णव ने बताया कि श्रीराम चरित मानस मण्डल के तत्वावधान में 11 दिवसीय धार्मिक महोत्सव को लेकर विविध समितियों के पदाधिकारियों का दल पृथक-पृथक उपसमितियों के साथ अपने जिम्मे व्यवथाओं को सुचारू करने में जुटे हुए है। मंडल के अमृत पंचाल, महेश पंचाल, रमेश जोशी कूपडा, अशोक पालीवाल होशीलाल पंचाल, जगदीश पंचाल, कल्याण पंचाल, उमेश द्विवेदी, हितेश वैष्णव, मधुसूदन व्यास मानस महिला मण्डल, रामकृष्ण सत्संग मण्डल, वनेश्वर महादेव मण्डल एवं अन्य संगठनों के सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे है।

## जेसीबी की चपेट से युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र के नौकना नालवडा गांव शुक्रवार देर रात साढे नौ बजे जमीन समतलीकरण के दौरान जेसीबी के चपेट आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे वरदा थाना एएसआई मानसिंह ने शव को जिला अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया। रविवार सुबह मृतक युवक के पिता पाडला मोरू निवासी विरमल रोत ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि उसका लडका कमलेश रोत एवं परिवार में भाई शंकरलाल पुत्र सेगा रोत के साथ जेसीबी लेकर नौकना नालवाड़ा में मावजी पुत्र कालिया डामोर के घर के पास समतलीकरण का कार्य करने गए थे। जेसीबी को शंकरलाल रोत चला रहा था इस दौरान पास में खड़े कमलेश को जेसीबी ने टक्कर मार दी। टक्कर से कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे डूंगरपुर अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवाया गया। रिपोर्ट में जेसीबी चालक के खिलाफ कार्यवाही की रिपोर्ट पेश की। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर जेसीबी चालक की तलाश शुरू कर दी।

## गौर बंजारा क्रिकेट टूर्नामेंट 25 को

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गवारिया बंजारा खेल कूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए गौर बंजारा समाज की बैठक त्रिपुरा माताजी स्थित गुरु नानक भवन में बंजारा यूथ राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बंजारा के मुख्य आतिथ्य, नरेश बिस्लावत की अध्यक्षता तथा अजीत मुछाल व कानू भाई के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। जिसमें आगामी 25 दिसंबर को गौर बंजारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पदारपाडा में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले साल की विजेता टीम गोपालपुरा को झण्डा देकर खिलाडियों का स्वागत किया गया। बैठक में आयोजनकर्ता के रुप में चेतन भाकरोद को चुना गया। इस आयोजन में राजस्थान और गुजरात की प्रमुख टीमें भाग लेगी। साथ ही वर्ष पर्यन्त समाज में अच्छे कार्य करने वाली प्रतिभाओं, 10, 12वी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाली व राजकीय सेवा में चयनित व सेवानिवृत्त हुए समाजजनों का सम्मान समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के चितरेटी घाटी पर शनिवार रात 9 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोवडा पुलिस ने 108 की मदद से शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने मृतक युवक पहचान खेड़ा कच्छवासा नवाघरा निवासी सुनील आहारी के रूप में की तथा इसकी सूचना परिजनों दो। जानकारी अनुसार सुनील आहारी शनिवार को दोवड़ा थाना क्षेत्र चितरेटी घाटी के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर के चलते सडक़ पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था।सूचना मिलने पर 108 पायलट शैलेश और ईएमटी मनीष रोत मौके पर पहुंचे तथा गंभीर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोवड़ा पुलिस ने शव को जिला अस्पताल मोर्चरी रखवाया गया।

## बस सेवा शुरू करने की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। भाजपा नेता बंशीलाल कटारा ने उप- मुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद्र बैरवा से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। कटारा ने डूंगरपुर जिले के सबसे बड़े राजकीय महाविद्यालय श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन के पुनर्निर्माण सहित डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की। डूंगरपुर से मेवाड़ा, वीरपुर होते हुए गुजरात और डूंगरपुर से रतनपुर और डूंगरपुर से बिछीवाड़ा चुंडावाड़ा मोदर पालीसोडा बस सेवा शुरू करने की मांग की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामें से हुआ प्रकरणों का निस्तारण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरूण कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया गया। अग्रवाल ने पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराते हुए बताया कि लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण का सबसे सरल व प्रभावी तरीका है जिसमें दोनों पक्षो की जीत होती है तथा मामला वहीं समाप्त हो जाता है जिससे पक्षकारो के धन व समय की बचत होती है तथा

■ जिला न्यायाधीश अग्रवाल ने किया उद्घाटन

उनके मध्य आपसी सौहार्द भी बढता है।

प्राधिकरण सचिव पूरण सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य प्रि-लिटिगेशन में धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल अशमनीय के अलावा एवं अन्य दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद और न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध, अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण



प्रकरणों का निस्तारण करवाते आमजन।

मामले केवल जिला न्यायालय में लम्बित, बिजली व पानी के बिल अशमनीय के अलावा, राजस्व मामलें केवल जिला न्यायालय में लम्बित, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामलें, अन्य सिविल मामलें किराया सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावें आदि प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामे से सौहार्दपूर्वक किया जाना है। जिले में राजस्व प्रकरणों सहित प्री-लिटिगेशन व लम्बित 56 हजार 681 प्रकरण चिन्हित किये गये जिसमें 37हजार 145 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शुभारम्भ अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नवीन कुमार चौधरी, प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूरण सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रजनी कुमावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश मीणा, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी बोहरा सहित बैंकों एवं विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।प्राधिकरण सचिव पूरण सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये चिन्हित प्रकरणों के निस्तारण के लिये जिले भर में 9 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये जिला मुख्यालय पर 5 बैंचों अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट में बैंचों का गठन किया गया एवं तालुका स्तर पर कुशलगढ, घाटोल, बागीदौरा एवं गढी में एक-एक बैंच का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण पर आमजन को बैंकों द्वारा काफी रियायत दी गई। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन ने अपने मूल ऋण पर लगने वाले ब्याज में रियायत के साथ ही मूल ऋण में भी रियायत प्राप्त कर प्रकरण का निस्तारण करवाया।

## तनावों से मुक्ति का अचूक साधन है प्रेक्षा ध्यान : मुनि प्रसन्न कुमार

**राजसमंद,** (निसं)। शहर के नया बाजार स्थित तेरापंथ भवन में विश्व ध्यान दिवस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुनि प्रसन्न कुमार ने कहा कि ध्यान प्राणी मात्र के जीवन का अंग है। ध्यान दो प्रकार का होता है। अच्छा और बडा नकारात्मक ध्यान आर्त्त एवं रौद्र होता है। आर्त्त ध्यान उसे कहते हैं जिसके होने से या करने से तनाव यानि डिप्रेशन बढता है प्रिय व्यक्ति के प्रति शोक संताप दुखः मोह के भाव पैदा होते हैं। आजीविका से संबंधित दुखः आपसी क्लेश आदि से दुख बुरा ध्यान होता है। रोद्र ध्यान यानी किसी दूसरे को मारने के भाव, बर्बाद करने की भावना, ईर्ष्या द्वेष के भाव को रौद्र ध्यान कहते हैं। बिल्ली बगुला आदि हिंसक प्राणीयों में शिकार कर भूख मिटाने के लिए हिंसा के भाव घने रहते हैं, ऐसे ध्यान को रोद्र ध्यान कहते हैं। ये दो ध्यान बुरे एवं दुख के कारण तथा कर्म बंधन के के लिए होते हैं। अच्छा ज्ञान यानी सकारात्मक भाव व मनोदशा, जिस ध्यान को करने या होने को धर्म ध्यान एवं शुक्ल ध्यान कहते हैं। शुभ ध्यान में मन भावों की पवित्रता रहती है यदि जीवन में तनाव दुख सताता है तो धर्म ध्यान शुक्ल ध्यान से तनाव दूर हो जाता है। प्रेक्षा ध्यान के प्रयोग में लेश्या ध्यान (साइटिक सेंटर) यानी चैतन्य केंद्र धार्मिक मंत्र एवं कलर थेरेपी दीर्घ स्वास प्रेक्षा आदि प्रयोग से व्यक्ति के तनाव को दूर किया जा सकता है।

# छप्पन भोग मनोरथ के दर्शन में उमड़े श्रद्धालु

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर कांकरोली स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास प्रभु के प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर में रविवार को आयोजित आलौकिक छप्पन भोग मनोरथ में श्रद्धा का सैलाब उमड पडा। 16 साल बाद आयोजित हुए छप्पन भोग मनोरथ के दोपहर साढे तीन बजे शुरू हुए मनोरथ के दर्शन से पहले ही हजारों दर्शनार्थियों से गोवर्द्धन चौक पूरा भर गया। जैसे ही दर्शन खुलने के लिए भण्डारी का माईक बोलना शुरू हुआ तो वैष्णवजनों ने वल्लभाधीश और प्रभु श्री द्वारकाधीश के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमन कर दिया।

इससे पहले मनोरथी लता बहन-हंसमुखलाल मोदी, "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" धारावाहिक के निदेशक आसीत भाई मोदी सहित पूरी टीम के 100कलाकार व उनके पारिवारिक सदस्य श्रीवल्लभ कॉटेज से द्वारकेश बैण्ड की धून पर नाचते गाते मंदिर के गोवर्द्धन चौक परिसर में पहुंचे जहां पर भी उन्होंने ठाकुरजी के समक्ष भाव नृत्य करते हुए आनंदित भाव से मंदिर के रतन चौक तक पहुंचे। इस दौरान एक ही पीले रंग के परिधानों में सजे मनोरथी एवं उनके परिवार के सदस्य फूलों की होली खेलते हुए ठाकुरजी के समक्ष धराए गए छप्पन भोग के दर्शन किए और भगवान द्वारकाधीश के इस विशेष उत्सव का आनंद उठाया।

तीन दिवसीय इस मनोरथ का नजारा किसी दिवाली के त्यौहार से कम नहीं था। इन उत्सव के दिनों में जहां देश, विदेश, राजस्थान प्रदेश सहित गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के अलावा बाहर से आने वाले विषेश मेहमानों और वैष्णवजन, अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड इस उत्सव के सफलतम आयोजन को चरितार्थ कर रहीं थी।



प्रभु द्वारकाधीश को धराया गया छप्पन भोग।

रविवार दोपहर बाद हुई राजभोग झांकी के दौरान हुए राजभोग मनोरथ के दर्शन में तृतीय पीठाधीश्वर डॉ वागीश कुमार महाराज, युवराज वैदान्त कुमार, सिद्धान्त कुमार ने प्रभु द्वारकाधीश की आरती उतारी। इस दौरान स्थानिय व बडोदा से आए किर्तनकारों ने भी मृदंग व मंजीरा की ताल पर प्रभु के समक्ष भोग सराने के किर्तन पेश किए। राजभोग झांकी में ठाकुरजी के समक्ष 56 प्रकार के बने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का मनोरथ सजा कर भोग धराया गया। वहीं कार्यक्रम के तहत राजसमंद पहुंचे वैष्णवजनों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था मंदिर प्रशासन की ओर से की गई।

पांच घंटे से अधिक समय तक चले दर्शन में लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। जिसमें जापटिया प्रवीण गुर्जर गोपाल गौरवा, यश वैष्णव ने सहयोग किया। वहीं दर्शन करने पहुंची भारी भीड को नियंत्रण करने के लिए कांकरोली पुलिस के जवानों सहित द्वारकाधीश मंदिर के सुरक्षाकर्मी लगे हुए थे। मोदी सहीत मनोरथी परिवार के सदस्यों का पीठाधीश्वर गोस्वामी 108 डॉ वागीश कुमार महाराज ने इकलई व पान बिडा प्रदान कर समाधान किया। टीवी कलाकार आसित मोदी के प्रसंशकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाएं तथा ऑटोग्राफ भी लिया।

